हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार 25 फरवरी 2026

11 टेक्निकल कर्मचारियों की बदली के विरोध में प्रदर्शन



12 विश्वकर्मा और नाहरा-नाहरी चौक पर ट्रैफिक जाम



**खबर संक्षेप**

## सड़क हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौत

**बहादुरगढ़।** कसार मोड़ के निकट बाइपास पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। इस संबंध में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ सेक्टर-6 थाने में केस दर्ज किया गया है। मृतक की पहचान राजेंद्र के रूप में हुई है। राजेंद्र लाइनपार के पटेल पार्क का रहने वाला था। वह पेशे से ड्राइवर था। सोमवार की शाम को बाइक पर सवार होकर कहीं काम से गया था लेकिन वापस नहीं आया। परिजन लगातार उसको कॉल करते रहे लेकिन संपर्क नहीं हो सका। इसी बीच सोमवार की अल सुबह बाइपास के साथ लगती सर्विस लाइन पर एक व्यक्ति मृत अवस्था में सड़क पर मिला। नजदीक ही उसकी बाइक पड़ी थी। शव की शिनाख्त राजेंद्र के रूप में हुई।

## 281 ग्राम गांजा सहित एक आरोपी पकड़ा

**झज्जर।** सीआईए की एक टीम द्वारा मादक पदार्थ गांजा सहित एक आरोपी को पकड़ा गया है। सीआईए प्रभारी कर्मवीर ने बताया कि पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि आशु निवासी शिव कॉलोनी बेरी गेट नशीला पदार्थ गांजा बेचने की फिराक में शिव मंदिर के नजदीक खड़ा हुआ है, जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शक की बिनाह पर एक युवक को पकड़ा गया। पकड़े गए युवक की नियमानुसार तलाशी लेने पर उससे नशीला पदार्थ गांजा बरामद हुआ। जिसका वजन करने पर 281 ग्राम पाया गया। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ नियमानुसार मामला दर्ज करते हुए आगामी कार्रवाई अमल में लाई गई है।

## बादली कॉलेज में आज होगी खेलकूद स्पर्धा

**बहादुरगढ़।** बादली के चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में 18 फरवरी को बारिश के कारण स्थगित हुई खेलकूद प्रतियोगिता बुधवार 25 फरवरी को आयोजित की जाएगी। प्राचार्य आनंद काद्यान ने बताया कि महाविद्यालय द्वारा 25वीं खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। मुख्यातिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य डॉ. रणबीर काद्यान व विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व प्राचार्य डॉ. एसएन शर्मा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करेंगे।

### हरियाणा बोर्ड की परीक्षाएं आज से : बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों के लिए भी चुनौती

# एग्जाम फोबिया के चलते काउंसलिंग का सहारा ले रहे विद्यार्थी, सिविल अस्पताल में करीब 50 केस आए

■ अभिभावक परीक्षा की तैयारी में बच्चों को नहीं छोड़ रहे अकेला, माताओं ने स्टडी टेबल पर संभाला मोर्चा

**विद्यार्थियों की समस्या :** फेल होने का डर, दूसरे साथी से कम नंबर आने की चिंता, याद किया हुआ भूलने और पूरे शरीर में दर्द होने की शिकायतें आ रहीं

**काउंसलर की सलाह :** संतुलित खानपान और पर्याप्त मात्रा में नींद लें। दूसरे बच्चों के साथ तुलना न करें। तनाव से दूर रखें व बोरियत से भी बचाएं।

तपस्वी शर्मा ▸▸ झज्जर

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं बुधवार से शुरू हो रही है। जहां विद्यार्थी तैयारियों में जुटे हैं, वहीं अभिभावकों की परीक्षा भी शुरू हो चुकी है। सुबह जल्दी उठना, बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करना, उनके खानपान का ध्यान रखना, दिनभर उनके साथ स्टडी टेबल पर रहना, उनकी हर गतिविधि पर नजर रखना, अभिभावकों की दिनचर्या में शामिल हो गया है।

कुल मिलाकर अभिभावकों की दिनचर्या अपने बच्चों के साथ ही बीत रही है। स्थिति यह है कि तनाव भरे माहौल के बीच अभिभावक अपने बच्चों को अकेला छोड़ने पर राजी नहीं हैं। परीक्षा के बढ़ते दबाव को देखते हुए कई अभिभावक कांउसलिंग का सहारा ले रहे हैं।



**झज्जर।** नागरिक अस्पताल परिसर में छात्रा की काउंसलिंग करते हुए जिला अर्श काउंसलर संदीप जांगड़ा।

नागरिक अस्पताल में तैनात जिला अर्श काउंसलर संदीप जांगड़ा ने बताया कि प्रतिदिन चार से पांच अभिभावक अपने बच्चों के साथ कांउसलिंग के लिए आ रहे है। बीते पंद्रह दिनों से यह सिलसिला जारी है। करीब पचास से अधिक अभिभावक यहां पहुंच चुके हैं। जिसमें से अधितकर बच्चों में एग्जाम फोबिया बना हुआ है और उन्हें परीक्षा का डर सता रहा है।

काउंसलर संदीप जांगड़ा ने बताया कि कांउसलिंग के लिए आ रहे अधिकांश विद्यार्थियों में फेल होने का डर, दूसरे साथी से कम नंबर आने की चिंता, याद किया हुआ भूलने और पूरे शरीर में दर्द होने की शिकायतें आ रही हैं। विद्यार्थियों को बताया जा रहा है कि संतुलित खानपान का सेवन करें, पर्याप्त मात्रा में नींद लें। इसके अलावा अभिभावकों को भी अपने बच्चों की दूसरे बच्चों के साथ तुलना न करने की सलाह दी जा रही है।

### पढ़ाई के साथ बीच में बातचीत कर रहे : नरेश

अभिभावक नरेश ने बताया कि बेटे की परीक्षा के चलते अलसुबह उठना पड़ रहा है। बच्चे को अकेलापन महसूस न हो, इसके लिए परिवार का कोई न कोई सदस्य उसके साथ हमेशा रहता है। पढ़ाई के साथ-साथ बीच में बातचीत करने से बच्चा तनाव महसूस नहीं करता। बीच में उसके खानपान का भी ध्यान रखा जाता है। ज्यादा तला और मसाले वाला खाना खाने से पढ़ाई में एकाग्रता नहीं बढ़ती। वहीं, एक अन्य अभिभावक जयभगवान ने बताया कि परिवार के सदस्य जल्द उठ जाते हैं, बच्चे की देखभाल के साथ-साथ भगवान से प्रार्थना करते रहते है कि बच्चा परीक्षा में सफल रहे।

## सभी 52 केंद्रों पर तैनात रहेगी पुलिस, नकल रोकने को लेंगे पंचायतों की मदद

■ डीसी, एसडीएम, डीईओ सहित हरियाणा बोर्ड के उड़तदस्तों की तैनाती

**झज्जर।** हरियाणा शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित दसवीं व बारहवीं कक्षा की परीक्षा की शुरुआत बुधवार से होगी। पहले दिन जिलेभर में बनाए गए 52 परीक्षा केंद्रों पर बारहवीं कक्षा के विद्यार्थी अंग्रेजी विषय की परीक्षा देंगे। इसके लिए जिला प्रशासन, शिक्षा व पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। एडीसी जगनिवास ने बताया कि नकल-रहित परीक्षाओं के संचालन और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। वहीं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-163 के तहत परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में प्रतिबंध लागू रहेगा। इस दौरान अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर सख्त रोक रहेगी। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों के आसपास फोटोस्टेट, प्रिंटिंग और स्कैनिंग गतिविधियों पर भी रोक रहेगी। एडीसी ने बताया कि केवल मुख्य अधीक्षक, केंद्र अधीक्षक एवं बोर्ड पर्यवेक्षक को आधिकारिक कार्य के लिए मोबाइल रखने की अनुमति होगी। उन्होंने बताया कि परीक्षाओं की निगरानी के लिए जिला स्तर, उपमंडल स्तर तथा शिक्षा विभाग के उड़नदस्तों का गठन किया गया है। परीक्षा अवधि के दौरान जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है तथा जिला राजस्व अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त सभी बीडीपीओ को ग्राम पंचायतों के सरपंचों के साथ बैठक कर परीक्षा केंद्रों के आसपास भीड़ न लगने देने और शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। उपमंडल अधिकारी मुख्यालय को बोर्ड परीक्षाओं के संचालन का ओवरऑल इंचार्ज नियुक्त किया गया है।

## ई-रिक्शा फैक्ट्री से लाखों रुपये की डाई चोरी

**बहादुरगढ़।** गांव रोहद में स्थित एक कंपनी में लाखों रुपये की डाई चोरी हो गई। दो कर्मचारियों पर वारदात को अंजाम देने का आरोप है। शिकायत के आधार पर आसौदा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दिल्ली के पश्चिम विहार में रहने वाले कंवल सिंह का कहना है कि उसके बहनोई की रोहद में फैक्ट्री है। इसमें इलेक्ट्रिक ई रिक्शा तैयार की जाती है। मैं इस फैक्ट्री की देखरेख करता हूं। हाल ही में फैक्ट्री में चोरी की वारदात हो गई। परिसर में से छह डाई गायब थी। अपने स्तर पर जांच की तो पता चला कि सफाई कर्मी शिवम व विक्की ने यह वारदात की है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उधर, आसौदा थाना पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

उधर, दूसरी तरफ भापड़ोदा और गुभाना के खेतों में चोरी की वारदात हो गई। भापड़ोदा में रणवीर के खेत से दो सोलर प्लेट, मोटर व 20 फुट बिजली की तार चोरी हुई है। इस संबंध में आसौदा थाने में केस दर्ज है। वहीं, गुभाना में गौरव व धर्मबीर के खेत से मोटर व बिजली की तार चोरी हुई हैं। जबकि प्लेट तोड़ी गई है। सोमवार को खेत में गए तो इन्हें वारदात का पता चला। बादली थाना पुलिस ने मामले में छानबीन शुरू कर दी है।

### एनटीपीसी में स्वचालित टॉरिफाइड बायोमास पेलेट्स प्लांट शुरू

# एनटीपीसी में धान की पराली से बनेगा ईंधन, बचेगा पर्यावरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

**50 टन प्रतिदिन की दो इकाइयों को विकसित किया, किसानों को भी पराली बेचने से होगा फायदा**

एनटीपीसी झाड़ली स्थित एपीसीपीएल में पहला पूर्णतः स्वचालित टॉरिफाइड बायोमास पेलेट्स प्लांट शुरू किया गया है। एनटीपीसी के सीएमडी गुरदीप सिंह ने 100 टन प्रतिदिन क्षमता वाले इस प्लांट की एक इकाई का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि यह परियोजना कुल नियोजित क्षमता 50 टन प्रतिदिन की दो इकाइयों के रूप में विकसित की जा रही है।

यह संयंत्र एनटीपीसी लिमिटेड का पहला पूर्णतः स्वचलित टॉरिफाइड बायोमास पेलेटिंग प्लांट है, जिसका संचालन पूरी तरह पीएलसी व स्काडा प्रणाली के माध्यम से किया जा रहा है। यह धान के खेतों की पराली व खेतों में जलाए जाने अन्य अवशेषों को उच्च ऊर्जा वाले कोयला-समान टॉरिफाइड पेलेट में परिवर्तित करता है। इस पहल से पराली दहन की समस्या के समाधान में सहायता मिलेगी तथा किसानों के लिए कृषि अपशिष्ट से अतिरिक्त आय का स्रोत भी विकसित होगा। इस मौके पर एपीसीपीएल के अध्यक्ष अनिल कुमार जाड़ली व मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिलीप कईबोंत्ता सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



**झज्जर।** कार्यक्रम के दौरान चर्चा करते अधिकारी।

## सरकारी नौकरियों में चयनित विद्यार्थियों का सम्मान 28 को

**दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल अजय करते हैं युवाओं का मार्गदर्शन, 3 हजार को मिल चुकी नौकरी**

**बहादुरगढ़।** विद्यादान महादान सेवा ट्रस्ट द्वारा सरकारी नौकरियों में चयनित विद्यार्थियों व प्रबुद्धजनों के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 28 फरवरी को यह समारोह झज्जर रोड स्थित आईटीआई के नजदीक आदर्श नगर की गली नंबर-4 में होगा। सुबह हवन से शुरुआत होगी। इसके बाद साढ़े 9 से साढ़े 11 बजे तक सम्मान समारोह चलेगा। दरअसल, ट्रस्ट के संचालक अजय ग्रेवाल दिल्ली पुलिस में हेड कांस्टेबल हैं। इन्हें वर्दी वाला शिक्षक के नाम से भी जाना जाता है। ड्यूटी के बाद रात को ये जरूरतमंद विद्यार्थियों को दिल्ली पुलिस, हरियाणा पुलिस, एसएससी, सीजीएल, सीएचएसएल, सीईटी, आर्मी सहित विभिन्न सरकारी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निशुल्क मार्गदर्शन और कोचिंग देते हैं। अब तक 3 हजार से अधिक बच्चे इनसे मार्गदर्शन प्राप्त कर सरकारी विभागों में सेवाएं दे रहे हैं। अब हाल ही में भी काफी युवाओं का सरकारी नौकरी के लिए चयन हुआ है। इसके अलावा पर्यावरण, समाज सेवा सहित अन्य क्षेत्र में बेहतर काम करने वाले लोगों को भी सम्मानित किया जाएगा। अजय ग्रेवाल बताते हैं कि ट्रस्ट का उद्देश्य समाज में शिक्षा को बढ़ावा देना और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना है।

### सरपंचों पर टिप्पणी विवाद में प्रेसवार्ता की

## गायक मासूम शर्मा की कैमरे पर माफी स्वीकार नहीं, सार्वजनिक रूप से मांगें



**झज्जर।** प्रेसवार्ता में अपनी बात रखते हुए सरपंच व सरपंच प्रतिनिधि।

■ सरपंचों ने कहा-भाईचारे को खराब कर रहे मासूम शर्मा के भड़काऊ गाने, प्रशासन सख्त कार्रवाई करे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

हरियाणवी गायक कलाकार मासूम शर्मा द्वारा सरपंचों को लेकर दिए गए विवादित बयान के मामले में सरपंचों की नाराजगी बरकार है। मंगलवार को एक प्रेसवार्ता के दौरान सरपंच, सरपंच प्रतिनिधियों व पूर्व सरपंचों ने मासूम शर्मा द्वारा की गई टिप्पणी की निंदा करते हुए कहा कि जब तक उनके द्वारा सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगी जाएगी तब तक वे प्रदेश भर में उनके कार्यक्रमों का विरोध करते रहेंगे। प्रेसवार्ता में उपस्थित सरपंच काला लाडपुर ने कहा कि सरपंच जनता का प्रतिनिधि होता है। उसके साथ गांव के लोगों का विश्वास जुड़ा होता है। मासूम शर्मा द्वारा एक वीडियो के माध्यम से आंखों पर काला चश्मा लगाकर बेतरतीब से मांगी गई माफी को स्वीकारा नहीं जाएगा। उसे सार्वजनिक रूप से मांफी मांगनी होगी। सरपंच एसोसिएशन के मातनहेल ब्लॉक प्रधान राजकुमार मोहनबाड़ी ने कहा कि मासूम शर्मा द्वारा गाए गए गाने भाईचारे को खराब कर रहे हैं। जिला प्रशासन को भी चाहिए कि वे इस प्रकार के भड़काऊ गीतों पर पाबंदी लगाए।

### उद्यमी जयप्रकाश अग्रवाल से मुलाकात की

# शिक्षा सभा की पत्रिका का किया विमोचन



**बहादुरगढ़।** शिक्षा सभा की पत्रिका का विमोचन करते जयप्रकाश।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

■ अग्रवाल को नर्सिंग कॉलेज प्रोजेक्ट की अपडेट जानकारी दी, सहयोग का मिला आश्वासन

देश के विख्यात उद्योगपति जयप्रकाश अग्रवाल ने बहादुरगढ़ शिक्षा सभा की पत्रिका 2025-26 बढ़ते कदम का विमोचन किया। विदित है कि बहादुरगढ़ शिक्षा सभा के पदाधिकारियों ने सूर्या रोशनी लिमिटेड के चेयरमैन जयप्रकाश अग्रवाल से उनके दिल्ली स्थित निवास स्थान पर मुलाकात की। बहादुरगढ़ शिक्षा सभा की पत्रिका के विमोचन उपरांत बहादुरगढ़ शिक्षा सभा के प्रधान श्रीनिवास गुप्ता, बीएड कॉलेज के प्रधान सत्यनारायण अग्रवाल, वैश्य गर्ल्स कॉलेज के उप-प्रधान प्रेमचंद बंसल, शिक्षा सभा के सचिव मूलचंद जोशी आदि ने प्रस्तावित नर्सिंग कॉलेज को लेकर भी उनसे चर्चा की। श्रीनिवास गुप्ता ने जेपी अग्रवाल को नर्सिंग कॉलेज की स्थापना की दिशा में अब तक की गई कार्रवाई के बारे में अवगत करवाया। अग्रवाल ने शिक्षा सभा के पदाधिकारियों को इसमें ज्यादा से ज्यादा सहयोग करने का आश्वासन दिया। उन्होंने शीघ्र बहादुरगढ़ में सभा के कार्यों का अवलोकन करने का निमंत्रण भी स्वीकार किया। इस मौके पर सूर्या कंपनी के सीईओ एसएन बंसल भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

Give Your Child A Right Start...
FOUNDATION PUBLIC SCHOOL
JHAJJAR ROAD, BAHADURGARH (HR.) 124507
AFFILIATED TO CBSE | AFFILIATION NO. 531762
ADMISSION OPEN
2026–27
ENROLL NOW
SPORTS ACADEMY AVAILABLE
• Basketball • Volleyball
• Cricket • Table Tennis
• Football • Lawn Tennis
REQUIREMENTS :
• NTT
• PRT- Mother Teacher
• TGT- English, Computer Science, Sanskrit
• PGT- History, Geography, Biology, Physical Education
• Art & Craft, Music & Dance Teacher (Female only)
• Librarian
FEATURING :
• Smart Classes
• Air Conditioned Class Room
• CCTV Surveillance
• Hydration Station: RO Water
• Hygienic Environment
• Learning With Comfort
• Advanced Lab Facilities
• Yoga Classes
STREAMS AVAILABLE :
• Science • Humanities
• Commerce
Walk-in-Interview February 28, 2026 (Saturday) Timings : 9:00 a.m. onwards
+91 9671954747, +91 8307856950
career.fps@gmail.com
foundationpublic









# भूत बंगला से सामने आया अक्षय का नया लुक...

**मुंबई।** अक्षय कुमार की आगामी फिल्म 'भूत बंगला' अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म के जरिए अक्षय कुमार और निर्देशक प्रियदर्शन की हिट जोड़ी 16 साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रही है। मंगलवार को मेकर्स ने फिल्म का एक नया मोशन पोस्टर जारी किया है। मेकर्स की ओर से जारी किए गए फिल्म के नए मोशन पोस्टर में अक्षय कुमार एक डरावने सिंहासन पर बैठे नजर आ रहे हैं। इस सिंहासन पर डरावने भूतों के सिर बने हुए हैं, जो मुंह फैलाते नजर आ रहे हैं।आंखों पर काला चश्मा लगाए अक्षय अपने गले और हाथों में कई रुद्राक्ष और अन्य मालाएं पहने हुए हैं।

लाइफ Style



# तमन्ना

## खुद का प्रीमियम जूलरी ब्रांड किया लॉन्च

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तमन्ना भाटिया ने हाल ही में अपना खुद का प्रीमियम जूलरी ब्रांड 'तमन्ना फाइन जूलरी' लॉन्च किया है। 'शुगर' कॉस्मेटिक्स की सीईओ और को-फाउंडर विनीता सिंह ने कहा- अगर आप शार्क टैंक इंडिया में होतीं तो मैं अपने सारे निवेश आपके ब्रांड में लगा देती।'

बॉलीवुड में ऐसे सितारों की कोई कमी नहीं जो एक्टिंग के साथ-साथ अलग-अलग तरह के बिजनेस में भी अपनी पहचान बनाने में जुटे हुए हैं। हाल ही में तमन्ना भाटिया ने भी इस लिस्ट में अपनी जगह बनाई है, जिसमें उन्होंने 'तमन्ना फाइन जूलरी' नाम से अपना खुद का प्रीमियम जूलरी ब्रांड लॉन्च किया है। हाल ही में एक बातचीत में तमन्ना ने भारत में कई सेलिब्रिटी-आधारित ब्रांड की असफलता पर बात करते हुए कहा कि खुद को वैसी असफलता से बचाने के लिए अपने ब्रांड के साथ शुरू से अंत तक गहराई से जुड़ी रहने के लिए तैयार हैं। 'शुगर' कॉस्मेटिक्स की सीईओ और को-फाउंडर विनीता सिंह के पॉडकास्ट पर बातचीत करते हुए तमन्ना ने कहा, 'मैं खुद को एक सेलिब्रिटी के रूप में नहीं देखती जो ब्रांड बना रही है। मैं खुद को एक फाउंडर के रूप में देखती हूं, जो इस ब्रांड को खड़ा करने की कोशिश कर रही है। कोई भी सिर्फ मेरे चेहरे के लिए इस तरह के महंगे उत्पाद में पैसा नहीं लगाएगा। मैं प्रॉडक्ट के प्रति ईमानदार हूं और अगर मेरा मकसद सिर्फ पैसा कमाना होता तो मैं कोई और कैटिगरी चुन सकती था। मैं इसकी जगह कोई ऐसा प्रॉडक्ट बना सकती थी जो बहुत फेमस होता और लोगों को खूब बिकता।'

## हॉलीवुड मसाला



# अभिनय की दुनिया से खास नाता

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर एक्टर रॉबर्ट कैराडाइन ने 71 वर्ष की आयु में अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। 'रिवेंज ऑफ द नर्ड्स 'और 'लिजी मैकगायर' ने एक्टर को काफी पॉपुलर कर दिया था। रॉबर्ट अपने मानसिक स्वास्थ से काफी समय से जूझ रहे थे। रॉबर्ट कैराडाइन घर के सबसे छोटे बेटे थे। उनके पिता जॉन कैराडाइन एक मशहूर अमेरिकी अभिनेता थे। एक्टर के परिवार के ज्यादातर सदस्य फिल्मी दुनिया का हिस्सा रहे हैं। 1972 में जॉन वेन के साथ फिल्म 'द काउबॉयज' के साथ अपने अभिनय की शुरुआत की थी।



# इंडिया में परफॉर्म करने के लिए तैयार शकीरा...

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल स्टार शकीरा इस साल भारत में फिर से एक बार शानदार परफॉरमेंस देने वाली हैं। इस बात की पुष्टि होने के बाद उनके फैंस काफी ज्यादा एक्साइटेड नजर आ रहे हैं। उन्होंने पिछली बार 2007 में इंडिया में परफॉर्म किया था। अब 19 साल बाद फिर से शकीरा अपना जलवा बिखेरने इंडिया आ रही हैं। लैटिन पॉप की ग्लोबल स्टार शकीरा इस अप्रैल भारत में लगभग 19 साल बाद धमाकेदार वापसी करने जा रही हैं। दिल्ली और मुंबई में शकीरा का कॉन्सर्ट होने वाला है। 2007 में अपने 'ऑरल फिक्सेशन टूर' के दौरान मुंबई में यादगार शो करने के बाद यह उनका पहला बड़ा कॉन्सर्ट होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनका दिल्ली कॉन्सर्ट 15 अप्रैल 2026 को होने की संभावना है, हालांकि आयोजक जल्द ही इसकी आधिकारिक तारीख की घोषणा करेंगे।



# ईशा की इश्कां दे लेखे का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** भारतीय एक्ट्रेस , मॉडल, डांसर, लोकप्रिय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और बिग बॉस 17 फेम ईशा मालवीय की पहली फिल्म 'इश्कां दे लेखे' का ऑफिशियल ट्रेलर सोमवार को रिलीज कर दिया गया। एक्ट्रेस रोमांटिक पंजाबी फिल्म से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। चैनल ने मूवी का ट्रेलर रिलीज करते हुए डिसक्रिप्शन में लिखा, 'एक बार फिर प्यार में पड़ने के लिए तैयार हो जाइए! स्पीड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत करता है 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित पंजाबी प्रेम कहानी 'इश्कां दे लेखे' का ट्रेलर। शानदार गुरनाम भुल्लर और खूबसूरत ईशा मालवीय अभिनीत यह पंजाबी फिल्म उन सभी लोगों के लिए बनाई गई है, जिन्होंने कभी दिल से प्यार किया है।' मनवीर बरार की निर्देशित, 'इश्कां दे लेखे' बड़े पर्दे पर पंजाबी रोमांस को एक नई परिभाषा देने के लिए तैयार है।



# राजामौली-महेश में हुआ झगड़ा...

**मुंबई।** रामगोपाल वर्मा ने अपने एक्स (ट्विटर) अकाउंट पर एक वीडियो मंगलवार को पोस्ट किया। इस वीडियो में बाहुबली फेम डायरेक्टर एसएस राजामौली और साउथ के सुपरस्टार महेश बाबू जमकर लड़ रहे हैं। एक-दूसरे को पटपटकर मार रहे हैं। आखिर दोनों ऐसा क्यों कर रहे हैं। और इस बात को लेकर क्यों रामगोपाल वर्मा कह रहे हैं कि सिनेमा मर चुका है। दरअसल यह वीडियो किसी ने एआई से बनाया है। यह वीडियो बिल्कुल रियल और मजेदार लग रहा है। लेकिन एक निर्देशक होने के नाते रामगोपाल वर्मा को यह बात पसंद नहीं आई है। सिनेमा में एआई के ऐसे दखल से वह शायद नाराज हैं, इस वजह से उन्होंने पोस्ट में लिखा- सिनेमा मर चुका है। रामगोपाल वर्मा से पहले कई डायरेक्टर्स ने सिनेमा में एआई के इस्तेमाल पर सवाल किए।

## टीवी मसाला



# कॅरियर के सबसे चैलेंजिंग रोल में से एक है सूबेदार : अनिल

**मुंबई।** अनिल कपूर की मच-अवेटेड फिल्म 'सूबेदार' अमेजन प्राइम वीडियो पर प्रीमियर के लिए तैयार है। सोमवार को मुंबई में फिल्म का ट्रेलर लॉन्च हुआ। इस मौके पर अनिल कपूर ने 'सूबेदार' में काम करने के अपने अनुभव के बारे में बताया।अनिल कपूर ने कहा, 'यह फिल्म मेरे लिए बहुत खास है। यह रोल मेरे लिए मेरे कॅरियर के सबसे चैलेंजिंग रोल में से एक है। मैंने इसे हमेशा की तरह पूरे दिल और जान से किया है। मैंने अपनी तरफ से कड़ी मेहनत की है। जैसा कि मैं हमेशा करता हूं। मुझे उम्मीद है कि आपको यह फिल्म और हमारा काम पसंद आएगा।' ट्रेलर में दिखाया गया है कि अनिल कपूर एक रिटायर्ड आर्मी ऑफिसर के रोल में हैं। वह एक शहर में आते हैं, जहां गुंडाराज चल रहा है। मोना सिंह एक माफिया यानी दीदी के रोल में हैं। उसका एक भाई है, जो लोगों पर जुल्म करता है। एक दिन वह अनिल कपूर की बेइज्जती कर देता है। उसके बाद एक्शन शुरू होता है। सूबेदार एक एक्शन फिल्म है। इसका निर्देशन सुरेश त्रिवेणी ने किया है। इसमें अनिल कपूर के अलावा मोना सिंह, राधिका मदान, सौरभ शुक्ला, मोना सिंह, आदित्य रावल, फैजल मलिक और खुशबू सुंदर भी हैं। यह फिल्म 5 मार्च को स्ट्रीम होगी। सूबेदार के अलावा अनिल कपूर कई प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं। वह पिछले साल फिल्म 'वॉर 2' में नजर आए थे।

## शादी की चर्चा के बीच दुबई में नजर आई तान्या



**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 फेम तान्या मित्तल हाल ही में लहंगे की शॉपिंग करती नजर आईं। जिसके बाद उनकी शादी को लेकर अटकलें लगनी लगीं। इसी बीच अब वह दुबई में हैं। एक वीडियो भी तान्या मित्तल ने साझा किया है। तान्या मित्तल ने रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' में दर्शकों का खूब मनोरंजन किया था। अपनी अमीरी के किस्से वह शो में सुनाया करती थीं। हाल ही में वह दिल्ली के चांदनी चौक में लहंगे खरीदती दिखीं। लाल रंग का लहंगा भी तान्या से ट्राई किया। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर मौजूद है। इसके बाद ही तान्या मित्तल के फैंस को लगा कि वह शादी करने वाली हैं। दुबई का वीडियो देखकर भी तान्या से फैंस ने पूछा कि वह अपने दूल्हे से कब मिलवा रही हैं। तान्या मित्तल अक्सर कहती हैं कि वह काफी अमीर हैं। लेकिन कई लोगों को लगता है कि वह झूठ बोलती हैं। लेकिन सोमवार को तान्या ने दुबई का एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह एक आलीशान होटल में ठहरी हैं और काफी महंगा ब्रेकफास्ट कर रही हैं।

# शहंशाह अकबर के रोल के लिए नंगे पैर गर्म रेत पर चलते थे पृथ्वीराज कपूर

*नई दिल्ली। पृथ्वीराज कपूर के पोते जतिन कपूर ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर 'मुगल-ए-आजम' में मशहूर 'शहंशाह वाली चाल' के पीछे की दिलचस्प और प्रेरणा देने वाली कहानी बताई। उन्होंने बताया कि फिल्म में मशहूर एक्टर की चाल पूरी लगन और लगातार प्रैक्टिस से पूरी हुई। पृथ्वीराज कपूर के लगन के बारे में बताते हुए जतिन ने कहा, 'फिल्म 'मुगल-ए-आजम' में, पहले ही सीन में शहंशाह को तपती रेगिस्तान की रेत में नंगे पैर चलते हुए दिखाया गया है। उस वॉक के लिए, मेरे नानाजी पृथ्वीराज कपूर ने बहुत रिहर्सल की थी। मुंबई की गर्मी में वह मुंबई के जुहू बीच पर 300 से 400 मीटर तक गर्म रेत पर नंगे पैर चलने की प्रैक्टिस करते थे।'*



### ज़िंदगी में कई शानदार रोल किए

अपने नानाजी के पैशन के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, 'पृथ्वीराज कपूर ने अपनी ज़िंदगी में कई शानदार रोल किए। उनकी तैयारी के पीछे की कहानियां भी उतनी ही शानदार हैं। जो इंसान अपने काम से सच्चा प्यार करता है और उसके लिए पैशन रखता है, वह किसी भी हद तक जा सकता है। उन्होंने अपने काम के प्रति अपने प्यार और डेडिकेशन के लिए अपने पैरों की कुर्बानी दे दी। अपना नोट खत्म करते हुए, जतिन ने कहा, 'सुनने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद. मैं आप सभी का शुक्रगुजार हूं. मैं हमेशा रहूंगा।

### चप्पल पहनने से मना कर दिया

उन्होंने आगे बताया, 'जब सीन आखिरकार शूट हुआ, तो वह बिल्कुल वैसा ही था जैसा बताया गया था। यहां तक कि क्लोज-अप शॉट्स में भी, जहां उनके पैर नहीं दिख रहे थे। उन्होंने चप्पल पहनने से मना कर दिया। वह पूरी तरह असली दिखना चाहते थे। वॉक को फाइनल करने के प्रोसेस के बारे में बात करते हुए, जतिन ने कहा, कई दिनों तक प्रैक्टिस करने के बाद, उन्होंने पृथ्वी थिएटर के अपने कुछ साथियों को बुलाया और उन्हें अपनी वॉक देखने के लिए वहां खड़ा कर दिय।. वह बार-बार चलते रहे, जब तक किसी ने यह नहीं कहा कि अब ऐसा नहीं लग रहा कि पृथ्वीराज कपूर चल रहे हैं, बल्कि खुद शहंशाह चल रहे हैं। तभी उन्होंने वह चाल ठीक की।

# अमिताभ ने दिखाई कल्कि 2 के सेट की तस्वीरें

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने 83 साल की उम्र में भी काफी एक्टिव हैं। उन्होंने अब नाग अश्विन की फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल के लिए शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म 'कल्कि' में अमिताभ बच्चन पौराणिक किरदार अश्वत्थामा के रोल में दिखे थे। अब अमिताभ ने 'कल्कि 2' की शूटिंग शुरू कर दी है अमिताभ बच्चन ने 'कल्कि 2' के सेट से अपनी कई शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में से एक में वो कमल हासन से गले लगते दिख रहे हैं। पर्दे के पीछे की इन तस्वीरें को शेयर करते हुए उन्होंने 40 साल बाद कमल हासन के साथ फिर से काम करने पर खुशी जाहिर की है। इस बार अमिताभ करीब चार दशकों के बाद एक कमल हासन के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। अमिताभ ने इन झलकियों को शेयर करते हुए लिखा है, 'और महान कमल हासन से मुलाकात... हम सालों बाद साथ काम करेंगे। उन्होंने बताया कि आखिरी बार फिल्म 'गिरफ्तार' में दोनों ने साथ काम किया था। यानी साफ है कि पिछली फिल्म की शूटिंग के दौरान दोनों एक्टर की मुलाकात नहीं हो पाई। अमिताभ ने फिल्म को



लेकर कहा है, 'कल्कि 2 ने काम शुरू कर दिया है... और रविवार को उनकी उपस्थिति की प्रतीक्षा में हमेशा प्यार और स्नेह को संजो कर रखेंगे... लेकिन उम्मीद है कि आने वाले रविवार को हम सभी के साथ होंगे।' यहां बता दें कि इस शूटिंग की वजह से पिछले रविवार को अमिताभ अपने फैन्स से मिलने घर से बाहर नहीं निकले थे और बरसों की परंपरा टूट गई।

## परिवार को नहीं था मंजूर संगीत का रास्ता

# 6 रुपए में गाया पहला गाना, दर्द भरी आवाज से जीता देश का दिल

*नई दिल्ली। भारतीय फिल्म संगीत की दुनिया में कुछ आवाजें समय के साथ पुरानी नहीं पड़तीं, बल्कि और गहरी होती चली जाती हैं। ऐसी ही दिल को छू लेने वाली आवाज थी तलत महमूद की। उनकी गायकी में दर्द भी था, मिठास भी थी, और शायरी की खूबसूरती भी, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि जिस आवाज ने लाखों लोगों के दिल जीते, कभी उसी आवाज को अपने पहले गाने के लिए सिर्फ छह रुपए मिले थे। तलत महमूद का जन्म 24 फरवरी 1924 को लखनऊ में एक रूढ़िवादी मुस्लिम परिवार में हुआ था। उनके परिवार में संगीत को अच्छा पेशा नहीं माना जाता था, लेकिन बचपन से ही तलत को गाने का शौक था। वे रात-रात भर चलने वाले संगीत कार्यक्रमों में बैठते और बड़े गायकों को ध्यान से सुनते थे। कम उम्र में ही उनकी आवाज में एक अलग तरह की मिठास थी. यही मिठास आगे चलकर उनकी पहचान बनी।*



### मीर और दाग जैसे शायरों की गजलें गाते थे

उन्होंने ऑल इंडिया रेडियो, लखनऊ से गाना शुरू कर दिया। वे मीर और दाग जैसे शायरों की गजलें गाते थे। साल 1941 में उनका पहला गाना रिकॉर्ड हुआ। यह गाना ग्रामोफोन कंपनी एचएफवी के लिए था और इसके बदले उन्हें महज 6 रुपए मेहनताना मिला था। आज के समय में यह रकम बहुत छोटी लगती है, लेकिन उसी छोटे से भुगतान ने एक बड़े सफर की शुरुआत की। उनकी आवाज इतनी पसंद की गई कि लोग उनसे और गानों की मांग करने लगे।

### कुछ फिल्मों में अभिनय भी किया

1944 में उनका गाना 'तस्वीर तेरी दिल मेरा बहला न सकेगी' काफी लोकप्रिय हुआ। इसके बाद वे कलकत्ता चले गए, जहां उन्होंने कुछ फिल्मों में अभिनय भी किया और गाने भी गाए। उस दौर में वे 'तपन कुमार' नाम से भी गाते थे। 1949 में वे मुंबई आ गए और यहीं से उनका असली सुनहरा दौर शुरू हुआ। 1950 और 1960 के दशक में वे हिंदी फिल्मों के सबसे पसंदीदा गायकों में गिने जाने लगे। उनके गाने इतना न मुझसे तू प्यार बढ़ा, फिर वही शाम, वही गम, ये हवा ये रात, मिलते ही आंखें दिल हुआ दिवाना और तस्वीर बनाता हूं जैसे गाने लोगों के दिलों में उतर गए।



### पद्म भूषण से हुए सम्मानित

उन्हें 1992 में भारत सरकार ने पद्म भूषण से सम्मानित किया। यह सम्मान उनके लंबे और शानदार योगदान की पहचान था। उन्होंने लगभग चार दशकों तक गाया और सैकड़ों गीतों को अपनी आवाज दी। 9 मई 1998 को 74 साल की उम्र में उनका निधन हो गया, लेकिन उनकी आवाज आज भी रेडियो, टीवी और संगीत प्रेमियों के दिलों में जिंदा है।

### दिलीप कुमार के लिए कई गानों में आवाज दी

उनकी आवाज अभिनेता दिलीप कुमार पर खास तौर पर जंचती थी। उन्होंने दिलीप कुमार के लिए कई गानों में आवाज दी, जिनमें 'हमसे आया न गया', ऐ दिल मुझे ऐसी जगह ले चल, हम दर्द के मारों का, कोई नहीं मेरा इस दुनिया में और सीने में सुलगते हैं अरमां जैसे गाने शामिल हैं। तलत महमूद की खास बात यह थी कि वे गानों के बोल को बहुत ध्यान से पढ़ते थे। अगर उन्हें शब्द अच्छे नहीं लगते तो वे गाना गाने से मना कर देते थे। हालांकि, समय के साथ संगीत का रुख बदला और तेज, ऊंची आवाज वाले गीत ज्यादा पसंद किए जाने लगे। इससे उनका कॅरियर थोड़ा धीमा पड़ गया, लेकिन उनकी पहचान कभी कम नहीं हुई।

# नशे व अपराध से दूर रह शिक्षा व खेल में आगे बढ़ें: डॉ. राजश्री



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह। फोटो : हरिभूमि

## राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मंगलवार को राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें गांव के सरपंचों, जन प्रतिनिधियों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में जिला पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है,बल्कि परिवार और समाज को भी बुरी तरह प्रभावित करता है। उन्होंने युवाओं से विशेष अपील करते हुए कहा कि नशे और अपराध से दूर रहकर शिक्षा और खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ें क्योंकि युवा ही देश का भविष्य हैं। वहीं डीसीपी हेडक्वार्टर जसलीन कौर ने महिला सुरक्षा पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं से दुर्गा शक्ति ऐप डाउनलोड करने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करें। जिला पुलिस महिला सुरक्षा को लेकर पूरी तरह से सतर्क है। डीसीपी क्राइम अमित दहिया ने साइबर अपराधों के बारे में जागरूक किया। एसीपी अनिरुद्ध चौहान ने पुलिस द्वारा 655 लोगों को चिन्हित किया गया, जिनमें से 533 लोगों की काउंसलिंग करवाई गई और 327 लोगों का उपचार कराया गया। प्राचार्य दलबीर सिंह ने नेहरू कॉलेज के ऐतिहासिक महत्त्व पर प्रकाश डाला और कहा कि पुलिस का काम सुरक्षा करना, कॉलेज का काम शिक्षा देना और जन प्रतिनिधियों का कार्य समाज कल्याण है और तीनों के सामूहिक प्रयासों से नशा मुक्ति, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध तथा सड़क सुरक्षा को लेकर समाज को जागरूक किया जा सकता है।

*ऑल हरियाणा पावर कॉर्पोरेशन यूनियन की सर्कल कार्यकारिणी के आह्वान पर गरजे कर्मचारी*

# टेक्निकल कर्मचारियों की बदली के विरोध में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

ऑल हरियाणा पावर कॉर्पोरेशन यूनियन की सर्कल कार्यकारिणी के आह्वान पर स्थानीय बिजली निगम कार्यालय परिसर में झज्जर, बेरी व बहादुरगढ़ सब यूनिटों के कर्मचारियों द्वारा प्रदर्शन किया गया। कर्मचारियों ने टेक्निकल कर्मचारियों की बदली के विरोध में अधीक्षक अभियंता के खिलाफ नारे लगाए। प्रदर्शन की अध्यक्षता कर रहे सर्व कर्मचारी संघ के प्रधान रामबीर ने बताया कि अधिक्षक अभियन्ता द्वारा 32 टेक्निकल कर्मचारियों की बदली की गई है जिस कारण कर्मचारियों में रोष है। उन्होंने कहा कि यूनिट स्तर पर दो दिन के प्रदर्शन के बाद भी अगर अधीक्षक अभियंता द्वारा अपनी हठधर्मिता नहीं छोड़ी गई तो वे आगे की रणनीति तैयार कर आंदोलन को मजबूर होंगे। इस मौके पर यूनिट सेक्रेटरी सुनील, सर्कल सेक्रेटरी भूपेंद्र यादव, राज्य उपप्रधान बंसीलाल, राज्य ऑडिटर व झज्जर यूनिट प्रधान राम दर्शन, सुंदर, प्रवीन, नीतेश, श्याम सुंदर, नीतू, संजीत, नवीन, दीपक ढाका, अजीत, भूरा, हंसराज, सुनील, राकेश, कपिल, विनीत, प्रदीप, लक्ष्मीनारायण, धर्मपाल, नरेश, रोबिन, विकास, विवेक सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। निगम कार्यालय परिसर में विरोध प्रदर्शन करते हुए बिजली निगम कर्मचारी।



बहादुरगढ़। नारेबाजी करते धरनारत बिजली कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि



बहादुरगढ़। नारेबाजी करते धरने पर बैठे कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## बिजली कर्मियों ने नारेबाजी की

*बहादुरगढ़। बिजली निगम में डीसी रेट के कर्मचारियों को एचकेआरएन में शामिल करने का विरोध जारी है। निगम कार्यालय में लगातार धरने प्रदर्शन हो रहे हैं। मंगलवार को भी कर्मचारियों ने दो घंटे का धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी की। एचएसईबी वर्कर्स यूनियन के बैनर तले यह विरोध चल रहा है। मंगलवार को हुए धरने की अध्यक्षता सर्कल सचिव बिजेंद्र फोगाट ने की, जबकि मंच संचालन अमित शर्मा ने किया। वक्ताओं ने कहा कि कर्मचारियों में रोष है। यदि सरकार इस मसले को जल्द नहीं निपटाती है तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। सुमित देशवाल, जयदेव, बिजेंद्र, मुकेश, सुमित, सुदंर, संदीप, अनिल जेई, लोकेश, बिजेंद्र, राकेश, मनोज, विक्रम, जितेंद्र, भूपेंद्र, नवीन व धनराज आदि धरने पर मौजूद रहे।*

## कर्मचारियों ने अधीक्षक अभियंता के खिलाफ किया प्रदर्शन

बहादुरगढ़। अधीक्षक अभियंता के खिलाफ एएचपीसीडब्ल्यू यूनियन से जुड़े कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। सुबह दस से शाम चार बजे तक कार्यालय के गेट पर धरना देकर कर्मचारियों ने नारेबाजी की। मंगलवार को हुए प्रदर्शन में मुख्य रूप से राज्य उपप्रधान बंसीलाल, केंद्रीय कमेटी मेंबर रवींद्र दलाल, सर्व कर्मचारी संघ बहादुरगढ़ ब्लॉक के प्रधान बिजेंद्र सैनी उपस्थित रहे। अध्यक्षता यूनिट प्रधान उमेश कुमार ने की और मंच संचालन यूनिट सेक्रेट्री राकेश कुमार ने किया। राज्य उपाध्यक्ष बंसी लाल ने अधीक्षक अभियंता की कार्यप्रणाली को गलत ठहराया। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन का दूसरा दिन है लेकिन अधीक्षक अभियंता ने मांगों को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की है, जिससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। यदि तबादला ऑर्डर निरस्त नहीं होता है तो आंदोलन जारी रहेगा और अब झज्जर सर्कल ऑफिस में धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

**मौके पर ये मौजूद रहे**

संदीप, दयानंद, कुलदीप, विनोद, शमशेर राणा, कृष्ण कुमार, विजय कुमार, राकेश सोलंकी, सुरेंद्र, ललित, अनिल कुमार, सतनारायण, दिनेश कुमार, सतीश कुमार, पवन , संजय, अनुज, आरिफ, योगेश, गौरव, महेश, रविंद्र, अनिल, मुकेश, दीपिका, जेई संदीप, राकेश व नवीन आदि धरने पर मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

## अधीक्षक गुलिया के पिता की रस्म तेरहवीं कल

झज्जर। सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग झज्जर में अधीक्षक पद पर कार्यरत धर्मबीर गुलिया के पिता ईश्वर सिंह गुलिया का 87 वर्ष की आयु में 18 फरवरी को निधन हो गया था। उनकी रस्म तेरहवीं वीरवार को बादली गांव में पाना लाख्याण में रखी गई है। ईश्वर सिंह अपने पीछे तीन पुत्र, एक पुत्री, दो पोते और चार पोतियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। स्वर्गीय ईश्वर सिंह गुलिया के निधन पर भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़, पूर्व विधायक नरेश शर्मा, पूर्व जिला पार्षद मामन ठेकेदार, पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद बाढ़सा सहित काफी संख्या में प्रबुद्धजनों ने शोक संतप्त परिजनों ढांढस बंधाया।



## जटेला धाम में दुल्हेंडी मेला महोत्सव 4 को



झज्जर। तपोभूमि जटेला धाम माजरा दूबलधन में आगामी चार मार्च को फाल्गुन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। स्वामी नितानंद महाराज के जन्म महोत्सव के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष मनाए जाने वाले इस दुल्हेंडी मेला महोत्सव की तैयारियां अभी से शुरू हो चुकी हैं। जटेला धाम के पीठाधीश्वर महंत राजेंद्र दास महाराज ने बताया कि मेला महोत्सव में बड़ी संख्या में देशभर से साधु-संतों व साध संगत को आमंत्रित किया गया है। 3 मार्च को महाराज नितानंद की अमृतवाणी का अखंड पाठ प्रारंभ किया जाएगा।

**न्यूज डायरी**

## केस स्टडी विश्लेषण प्रतियोगिता में छात्रा खुशी ने पाया पहला स्थान



झज्जर। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के प्रबंधन विभाग में केस स्टडी विश्लेषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रबंधन कौशल, विश्लेषणात्मक क्षमता तथा निर्णय लेने की योग्यता का विकास करना रहा। प्रतियोगिता का आयोजन प्राध्यापक डॉ. सुरेंद्र कुमार पूनिया के मार्गदर्शन में प्रबंधन विभागाध्यक्ष पंकज कुमार, प्रवक्ता पूनम और प्रदीप कुमार ने किया। विद्यार्थियों ने विभिन्न समसामयिक व्यावसायिक विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। बीबीए प्रथम वर्ष की छात्रा खुशी शर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं, भूमि और यश ने संयुक्त रूप से दूसरा स्थान हासिल किया जबकि अतुल पांडे ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतिभागियों के प्रस्तुतीकरण, विषय की समझ, तार्किक विश्लेषण एवं निष्कर्ष की स्पष्टता के आधार पर परिणाम घोषित किए गए। सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण और डिजिटल कौशल आज की जरूरत : डॉ. अजय



झज्जर। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल और गणित विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'कक्षा से परे कौशल अंतर को पाटना' विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में कौशल विकास, रोजगार की संभावनाओं और आधुनिक कार्यक्षेत्र की मांगों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ गणित विभागाध्यक्ष डॉ. संदीप ने किया। मुख्य वक्ता डॉ. अजय कुमार ने वर्तमान प्रतिस्पर्धी युग में क्लास से बाहर सीखने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि आज के समय में इंटर्नशिप, प्रोजेक्ट-आधारित लर्निंग, डिजिटल स्किल्स एवं प्रैक्टिकल एक्सपोजर छात्रों को अन्य से अलग पहचान दिलाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय इंटर्नशिप प्लेटफॉर्म, ऑनलाइन लर्निंग पोर्टल्स तथा फ्रीलांसिंग वेबसाइट्स के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि विद्यार्थी अपनी रुचि एवं कौशल के अनुसार इनमें पंजीकरण कर वास्तविक कार्यानुभव प्राप्त कर सकते हैं। प्राचार्य दलबीर सिंह ने कहा कि कौशल-आधारित शिक्षा वर्तमान समय की आवश्यकता है, जो विद्यार्थियों को केवल नौकरी तलाशने तक सीमित न रखते हुए उन्हें स्वयं को रोजगार-योग्य बनाने में भी सक्षम बनाती है।

# बाल विवाह मुक्ति रथ यात्रा ने 125 गांवों में फैलाई जागरूकता




झज्जर। रथ यात्रा के समापन पर उपस्थित अधिकारी एवं संस्थान सदस्य। फोटो :हरिभूमि

झज्जर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था द्वारा चलाई जा रही बाल विवाह मुक्ति रथ यात्रा संपन्न हो गई। समापन अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी मंजू कादियान, हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जिला कार्यक्रम अधिकारी विनोद धनखड़ तथा पंजाब नेशनल बैंक के आरसेटी निदेशक उमेश भूकर ने बाल विवाह मुक्ति रथ पर हस्ताक्षर करते हुए अपना समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि लड़का हो या लड़की दोनों का आत्मनिर्भर होना जरूरी है। एमडीडी ऑफ इंडिया के जिला समन्वयक मनोज कुमार ने बताया कि बीती 29 जनवरी को सीजेएम विशाल द्वारा हरी झंडी दिखाकर इस यात्रा को रवाना किया था। यात्रा के दौरान टीम सदस्यों ने 125 गांवों में पहुंच कर हजारों लोगों को बाल विवाह की रोकथान के लिए जागरुक किया। इस दौरान गांव के सामुदायिक केंद्रों व राजकीय स्कूलों में बाल विवाह की रोकथाम से संबंधित जागरुकता सामग्री प्रदान की गई और उन्हें बाल विवाह ना करने व इसकी रोकथाम में सहयोग संबंधी शपथ भी दिलाई गई।

## स्वच्छता अभियान चलाकर की महाविद्यालय में साफ-सफाई



झज्जर। राजकीय महाविद्यालय बिरोहड़ की एनएसएस इकाई प्रथम व द्वितीय द्वारा आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता अभियान चला कर महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई की गई। इसके उपरांत एक व्याख्यान के माध्यम से उन्हें नशा मुक्ति विषय पर जागरूक किया गया। प्राचार्य डॉक्टर सतवीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित व्याख्यान में मुख्य वक्ता डॉक्टर नरेंद्र सिंह ने स्वयंसेवकों को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें तथा समाज में भी इसके प्रति जागरूकता फैलाएं। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर शिवानी व डॉक्टर सवीन ने बताया कि इस दौरान स्वयंसेवकों के बीच ड्रग जागरुकता विषय पर पोस्टर मेकिंग व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दोपहर सत्र में ओमबीर द्वारा भूगोल विषय में करियर की संभावनाएं विषय पर व्याख्यान दिया गया। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारी डॉक्टर सुरेंद्र सिंह, राजेश कुमार, ओमबीर, मंजू कुमारी, डॉक्टर सीटू, प्रियंका, नितिन सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## अवैध हथियार सहित दो काबू

बहादुरगढ़। पुलिस की अपराध जांच शाखा प्रथम ने अवैध हथियार सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान विनीत के रूप में हुई है। वह नयागांव का रहन वाला है। नयागांव से बादली की ओर जाने वाले रोड से उसको काबू किया गया। उसके पास से देशी पिस्तौल बरामद हुआ। वहीं, सीआईए की एक अन्य टीम ने सोलधा में एक्सिस बैंक के पास से धीरज नाम के एक युवक को काबू किया। आरोपी के पास से देशी पिस्तौल बरामद हुआ।

## विद्यार्थियों को करवाया राजयोग का अभ्यास



झज्जर। वर्ल्ड कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च हास्पिटल गिरावड़ में मंगलवार को विद्यार्थियों को राजयोग के महत्व से अवगत कराया। डॉ. बीके भावना बहन ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बताया कि राजयोग से मन की एकाग्रता बढ़ती है। इसकी विधि सरल व सहज है। इस विधि को मनोविज्ञान की भाषा में टेलीपैथी कहा जाता है। इससे मस्तिष्क की क्रियाओं पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इससे निर्णय शक्ति करने की शक्ति का विकास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों राजयोग का अभ्यास नियमित करने के लिए प्रेरित किया। मरीजों व उनके तीमारदारों को मेडिटेशन संबंधी जानकारी दी गई। अब सप्ताह में मंगलवार व शुक्रवार को नियमित राजयोग का अभ्यास कराया जाएगा। इस मौके पर केयर टेकर मीना देवी, प्रवीण, पंकुल तोमर सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण



झज्जर। मंगलवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकुमार यादव व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम विशाल ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रत्येक बैरिक का निरीक्षण किया और कैदी व बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना और समाधान के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जेल अधीक्षक को निर्देश दिए कि जेल में साफ सफाई व पीने का पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करें। कोई भी कैदी या बंदी ऐसा न हो जिसके पास वकील न हो। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी कैदी या बंदी की अपील पेंडिंग ना हो। इस मौके पर जेल अधीक्षक सेवा सिंह, उप-जेल अधीक्षक सत्यभान, संदीप दांगी, सेशन ऑफिस से सुप्रीडेंट ललित कुमार, क्लर्क भूपेंद्र कालरा आदि मौजूद रहे।

**महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय में यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन**

# रामायण से मिलता है कम्युनिकेशन स्किल सीखने का मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। मुख्यातिथि को पौधा भेंट कर सम्मानित करते हुए शिक्षक।

महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय में मंगलवार को यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयुष विभाग से इंद्रजीत द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में यज्ञ कराते हुए कहा कि यज्ञ का उद्देश्य आध्यात्मिक विकास, देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त करना, सुख समृद्धि, स्वास्थ्य की प्राप्ति और ब्रह्मांडीय व्यवस्था को बनाए रखना है। यह स्वास्थ्य की दृष्टि से भी लाभदायक है। कार्यक्रम संयोजिका डॉक्टर नीतू जैन ने बताया कि यज्ञ कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रधान राजकुमार गोयल, प्राचार्या डॉक्टर नीलम गर्ग, जनरल सेक्रेटरी एडवोकेट गौरव गोयल, प्रमोद बंसल, प्रकाश वीर, संजय गोयल, अंकुर सिंघल, केशव सिंघल, शीतल कुच्छल आदि ने शिक्षकों व छात्राओं के साथ आहुति डाली। प्रधान राजकुमार गोयल ने रामायण महाकाव्य पर व्याख्यान देते हुए कहा कि रामायण से हमें कम्युनिकेशन स्किल्स सीखने का मौका मिलता है। आज के दौर में कम्युनिकेशन स्किल्स में बच्चों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़**
**नोटिस आम जनता**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुरेंद्र कुमार पुत्र संतलाल, शशि मलिक (पत्नी), मिनाक्षी तनेजा (पुत्री), मिरू (पुत्री), स्मिता कालड़ा (पुत्री) पुत्र/पति/पत्नी लेट गोविंद सिंह मलिक निवासी संत कॉलोनी बहादुरगढ़ द्वारा Application No. 0187677292 के तहत Online NDC Portal पर Property ID No. 3BG7VGK2 वार्ड नम्बर 18 कॉलोनी संत कॉलोनी जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ के प्रॉपर्टी टैक्स रिकॉर्ड में सुरेंद्र कुमार/ गोविंद कुमार के नाम दर्ज है। गोविंद मलिक की मृत्यु उपरांत अब नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकॉर्ड में उक्त आईडी नंबर पर प्रार्थी के द्वारा वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र के आधार पर अपना नाम तबदील करवाना चाहते हैं। जिसकी वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र तहसीलदार बहादुरगढ़ द्वारा तसदीक की गई है।

अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति नंबर 3BG7VGK2 वार्ड नम्बर 18 कॉलोनी संत कॉलोनी पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त सम्पति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करे। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह सम्पति नंबर 3BG7VGK2/ 23.25 वर्ग गज प्रार्थी सुरेंद्र कुमार पुत्र संतलाल, शशि मलिक (पत्नी), मिनाक्षी तनेजा (पुत्री), मिरू (पुत्री), स्मिता कालड़ा (पुत्री) पुत्र/पति/पत्नी लेट गोविंद सिंह मलिक के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी, जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद बहादुरगढ़।

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़**
**नोटिस आम जनता**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शशि मलिक (पत्नी), मिनाक्षी तनेजा (पुत्री), मिरू (पुत्री), स्मिता कालड़ा (पुत्री) पुत्र/पति/पत्नी लेट गोविंद सिंह मलिक पुत्र संतलाल निवासी संत कॉलोनी बहादुरगढ़ द्वारा Application No. 0187677151 के तहत Online NDC Portal पर Property ID No. 3BWPLWH2 वार्ड नम्बर कॉलोनी संत कॉलोनी जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ के प्रॉपर्टी टैक्स रिकॉर्ड में शशि मलिक/ गोविंद सिंह मलिक के नाम दर्ज है। गोविंद सिंह मलिक की मृत्यु उपरांत अब नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकॉर्ड में उक्त आईडी नंबर पर प्रार्थी के द्वारा वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र के आधार पर अपना नाम तबदील करवाना चाहते हैं। जिसकी वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र तहसीलदार बहादुरगढ़ द्वारा तसदीक की गई है।

अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति नंबर 3BWPLWH2 वार्ड नम्बर कॉलोनी संत कॉलोनी पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त सम्पति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करे। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह सम्पति नंबर 3BWPLWH2/ 378 वर्ग गज प्रार्थी शशि मलिक (पत्नी), मिनाक्षी तनेजा (पुत्री), मिरू (पुत्री), स्मिता कालड़ा (पुत्री) पुत्र/पति/पत्नी लेट गोविंद सिंह मलिक पुत्र संतलाल के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी, जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद बहादुरगढ़।

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़**
**नोटिस आम जनता**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुरेंद्र कुमार पुत्र संतलाल, शशि मलिक (पत्नी), मिनाक्षी तनेजा (पुत्री), मिरू (पुत्री), स्मिता कालड़ा (पुत्री) पुत्र/पति/पत्नी लेट गोविंद सिंह मलिक निवासी संत कॉलोनी बहादुरगढ़ द्वारा Application No. 0187677241 के तहत Online NDC Portal पर Property ID No. 3BM85VM7 वार्ड नम्बर कॉलोनी संत कॉलोनी जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ के प्रॉपर्टी टैक्स रिकॉर्ड में सुरेंद्र कुमार/ गोविंद कुमार के नाम दर्ज है। गोविंद मलिक की मृत्यु उपरांत अब नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकॉर्ड में उक्त आईडी नंबर पर प्रार्थी के द्वारा वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र के आधार पर अपना नाम तबदील करवाना चाहते हैं। जिसकी वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र तहसीलदार बहादुरगढ़ द्वारा तसदीक की गई है।

अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति नंबर 3BM85VM7 वार्ड नम्बर कॉलोनी संत कॉलोनी पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त सम्पति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करे। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह सम्पति नंबर 3BM85VM7/ 80 वर्ग गज प्रार्थी सुरेंद्र कुमार पुत्र संतलाल, शशि मलिक (पत्नी), मिनाक्षी तनेजा (पुत्री), मिरू (पुत्री), स्मिता कालड़ा (पुत्री) पुत्र/पति/पत्नी लेट गोविंद सिंह मलिक के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी, जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद बहादुरगढ़।

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़**
**नोटिस आम जनता**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शशि मलिक (पत्नी), मिनाक्षी तनेजा (पुत्री), मिरू (पुत्री), स्मिता कालड़ा (पुत्री) पुत्र/पति/पत्नी लेट गोविंद सिंह मलिक निवासी संत कॉलोनी बहादुरगढ़ द्वारा Application No. 0187677359 के तहत Online NDC Portal पर Property ID No. 3B9KM242 वार्ड नम्बर 18 कॉलोनी संत कॉलोनी जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ के प्रॉपर्टी टैक्स रिकॉर्ड में गोविंद मलिक के नाम दर्ज है। गोविंद मलिक की मृत्यु उपरांत अब नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकॉर्ड में उक्त आईडी नंबर पर प्रार्थी के द्वारा वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र के आधार पर अपना नाम तबदील करवाना चाहते हैं। जिसकी वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र तहसीलदार बहादुरगढ़ द्वारा तसदीक की गई है।

अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति नंबर 3B9KM242 वार्ड नम्बर 18 कॉलोनी संत कॉलोनी पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त सम्पति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करे। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह सम्पत्ति नंबर 3B9KM242 / 120 वर्ग गज प्रार्थी शशि मलिक (पत्नी), मिनाक्षी तनेजा (पुत्री), मिरू (पुत्री), स्मिता कालड़ा (पुत्री) पुत्र/पति/पत्नी लेट गोविंद सिंह मलिक के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी, जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद बहादुरगढ़।

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़**
**नोटिस आम जनता**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शशि मलिक (पत्नी), मिनाक्षी तनेजा (पुत्री), मिरू (पुत्री), स्मिता कालड़ा (पुत्री) पत्नी/पुत्री लेट गोविंद सिंह मलिक पुत्र संतलाल निवासी संत कॉलोनी बहादुरगढ़ द्वारा Application No. 0187677030 के तहत Online NDC Portal पर Property ID No. 3BJL4AV5 वार्ड नम्बर 12 कॉलोनी दयानंद नगर जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ के प्रॉपर्टी टैक्स रिकॉर्ड में गोविंद सिंह के नाम दर्ज है। गोविंद सिंह की मृत्यु उपरांत अब नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकॉर्ड में उक्त आईडी नंबर पर प्रार्थी के द्वारा वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र के आधार पर अपना नाम तबदील करवाना चाहते हैं। जिसकी वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र तहसीलदार बहादुरगढ़ द्वारा तसदीक की गई है।

अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति नंबर 3BJL4AV5 वार्ड नम्बर 12 कॉलोनी दयानंद नगर पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त सम्पति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करे। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह सम्पति नंबर 3BJL4AV5/ 350 वर्ग गज प्रार्थी शशि मलिक (पत्नी), मिनाक्षी तनेजा (पुत्री), मिरू (पुत्री), स्मिता कालड़ा (पुत्री) पत्नी/पुत्री लेट गोविंद सिंह मलिक पुत्र संतलाल के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी, जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद बहादुरगढ़।

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़**
**नोटिस आम जनता**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कैलाशवंती बत्रा (पत्नी), गौरव बत्रा (पुत्र), रचना चावला (पुत्री) पुत्र/पति/पत्नी स्व. हरीश चंद बत्रा निवासी किला मौहल्ला बहादुरगढ़ द्वारा Online NDC Portal Property ID No. 0181117684343 (New P.I.D.) वार्ड नम्बर 16 कॉलोनी मेन बाजार नियर जटवाड़ा जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ के प्रॉपर्टी टैक्स रिकॉर्ड में --- के नाम दर्ज है। ---- की मृत्यु उपरांत अब नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकॉर्ड में उक्त आईडी नंबर पर प्रार्थी के द्वारा वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र के आधार पर अपना नाम तबदील करवाना चाहते हैं। जिसकी वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र तहसीलदार बहादुरगढ़ द्वारा तसदीक की गई है।

अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति नंबर 0181117684343 (New P.I.D.) वार्ड नम्बर 16 कॉलोनी जटवाड़ा नियर मेन बाजार पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त सम्पति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करे। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह सम्पत्ति नंबर 0181117684343 (New P.I.D.) / 80 वर्ग गज प्रार्थी कैलाशवंती बत्रा (पत्नी), गौरव बत्रा (पुत्र), रचना चावला (पुत्री) पुत्र/पति/पत्नी स्व. हरीश चंद बत्रा के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी, जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद बहादुरगढ़।

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़**
**नोटिस आम जनता**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुरेंद्र कुमार पुत्र संतलाल, शशि मलिक (पत्नी), मिनाक्षी तनेजा (पुत्री), मिरू (पुत्री), स्मिता कालड़ा (पुत्री) पुत्र/पति/पत्नी लेट गोविंद मलिक पुत्र संतलाल निवासी संत कॉलोनी बहादुरगढ़ द्वारा Application No. 0187677337 के तहत Online NDC Protal पर Property ID No. 3BUPR3E6 वार्ड नम्बर 18 कॉलोनी संत कॉलोनी जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ के प्रॉपर्टी टैक्स रिकॉर्ड में सुरेंद्र कुमार/ गोविंद कुमार के नाम दर्ज है। गोविंद मलिक की मृत्यु उपरांत अब नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकॉर्ड में उक्त आईडी नंबर पर प्रार्थी के द्वारा वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र के आधार पर अपना नाम तबदील करवाना चाहते हैं। जिसकी वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र तहसीलदार बहादुरगढ़ द्वारा तसदीक की गई है।

अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति नंबर 3BUPR3E6 वार्ड नम्बर 18 कॉलोनी संत कॉलोनी पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त सम्पति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करे। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह सम्पत्ति नंबर 3BUPR3E6 / 200 वर्ग गज प्रार्थी सुरेंद्र कुमार पुत्र संतलाल, शशि मलिक (पत्नी), मिनाक्षी तनेजा (पुत्री), मिरू (पुत्री), स्मिता कालड़ा (पुत्री) पुत्र/पति/पत्नी लेट गोविंद सिंह मलिक के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी, जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद बहादुरगढ़।

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़**
**नोटिस आम जनता**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नीरज गुप्ता, श्रीमती रेणू बंसल, श्रीमती मोनिका अग्रवाल, श्रीमती रुचि गोयल, श्री जयकिशन गुप्ता, श्री त्रिलोक चंद गुप्ता, श्रीमती राजबाला जिंदल, श्रीमती रिता अग्रवाल पुत्र / पति/पत्नी श्री. Satish Gupta & Sh. Kishan Gupta निवासी आरा मशीन वाली गली, बहादुरगढ़ द्वारा Online NDC Portal Property ID No. 3B87GP75) (W20/1158) वार्ड नं. 20, कॉलोनी काठ मण्डी, बहादुरगढ़ जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ के Property Tax रिकॉर्ड में जय किशन के नाम दर्ज है। सतीश गुप्ता व श्री किशन गुप्ता की मृत्यु के उपरान्त अब नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकॉर्ड में उक्त ID No. पर प्रार्थी के द्वारा वसीयत / वारसान प्रमाण पत्र के आधार पर अपना नाम तब्दील करवाना चाहते हैं। जिसकी वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र तहसीलदार बहादुरगढ़ द्वारा तसदीक / तसदीक नहीं की गई है।

अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति नं. 3B87GP75 वार्ड नं. 20. कॉलोनी काठ मण्डी, बहादुरगढ़ पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त सम्पति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर-अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ के कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करे। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह सम्पति नं. 3B87GP75 / 264.00 वर्ग गज प्रार्थी श्री नीरज गुप्ता, रेणू बंसल, मोनिका अग्रवाल, रुचि गोयल श्री जयकिशन गुप्ता, श्री त्रिलोकचंद गुप्ता, श्रीमती राजबाला जिंदल, श्रीमती रिता अग्रवाल पुत्र/पति/पत्नी श्री सतीश गुप्ता एवं श्रीकिशन गुप्ता के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड मे दर्ज कर दी जायेगी। जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ कि कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

हस्ता/- कार्यकारी अधिकारी,
नगर परिषद् बहादुरगढ़

## खबर संक्षेप

### मुंगेशपुर ड्रेन का सुधार होने से मिलेगी राहत

**बहादुरगढ़।** शहर को जलभराव से बचाने के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी के आदेशानुसार सिंचाई विभाग ने मुंगेशपुर ड्रेन के किनारों का सुधार करने का कार्य शुरू कर दिया है। भाजपा नेता जसबीर सैनी के अनुसार इससे भविष्य में शहर के छोटूराम नगर और विवेकानंद नगर में जलभराव का संकट नहीं होगा। पूर्व पार्षद जसबीर सैनी ने बताया कि पिछले दिनों उन्होंने चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात कर इस ड्रेन को पक्का करने की मांग उठाई थी। सीएम नायब सैनी ने संज्ञान लेते हुए इस कार्य के लिए लगभग 2.70 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं।

### तेजधार हथियार से कर दिया युवक पर हमला

**बहादुरगढ़।** लाइनपार में झगड़े के दौरान युवक पर तेजधार हथियार से हमला करने का मामला सामने आया है। युवक के हाथ व सीने के पास वार किए गए हैं। घायल की पहचान नवीन के रूप में हुई है। उसे नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां से पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। सूचना पाकर लाइनपार थाना पुलिस पीजीआई में घायल के बयान लेने रवाना हुई। बयान और जांच पूरी होने के बाद मामले की सच्चाई सामने आ सकेगी।

### कांग्रेस का जनता के हितों से सरोकार नहीं

**बहादुरगढ़।** वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. पंकज जैन ने कहा कि कांग्रेस का जनता के हितों से कोई सरोकार नहीं है। सीएम नायब सैनी के



कुशल नेतृत्व में भाजपा सरकार सर्व समाज के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। यह कांग्रेस को हजम नहीं हो रहा है। डॉ पंकज जैन ने कहा कि कांग्रेस सदैव झूठ, लूट और फूट की राजनीति करती आई है। विधानसभा सत्र के दौरान भी कांग्रेस नेता जनता के हितों और हरियाणा प्रदेश के विकास से जुड़े मुद्दों पर सार्थक चर्चा करने की बजाय केवल हंगामा करते हैं। हरियाणा की जनता कांग्रेस को पूरी तरह नकार चुकी है और आने वाले चुनावों में जनता वोट की चोट से कांग्रेस को फिर सबक सिखाएगी।

### दुर्घटना में साइकिल सवार हुआ घायल

**बहादुरगढ़।** जाखोदा के निकट अज्ञात वाहन की चपेट में आने से साइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पीजीआई रोहतक में भर्ती कराया गया है। हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

घायल की पहचान दिनेश के रूप में हुई है। दिनेश मूलतः बिहार के दरभंगा जिले से है और फिलहाल यहां गांव जाखोदा में रहता है। वह ओमेक्स स्थित एक कंपनी में काम करता है। गत 20 फरवरी को छुट्टी के बाद रात करीब 9 बजे साइकिल पर सवार होकर अपने घर के लिए चल दिया। जब जाखोदा के निकट पहुंचा तो किसी अज्ञात वाहन ने उसको टक्कर मार दी। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां से पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। सूचना पाकर पुलिस पीजीआई पहुंची लेकिन उसे अब तक होश नहीं आया है। इसलिए उसके भाई के बयान पर आसौदा थाना पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अरुण राणा बने कोर कमेटी के सदस्य

**बहादुरगढ़।** कल्याण कमलमय समर्थक समिति की नेशनल कोर कमेटी का गठन किया गया है। इसमें बहादुरगढ़ निवासी अरुण कुमार राणा को भी सदस्य बनाया गया है। समिति की वर्चुअल मीटिंग राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। समिति को सही तरीके से चलाने के लिए एक 9 सदस्यों वाली कोर कमेटी का गठन किया गया। इसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतपाल सिंह, नितिन कुमार, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंद्रशेखर जायसवार, राष्ट्रीय महासचिव सुनीता गुप्ता, राष्ट्रीय संगठन मंत्री अरुण कुमार राणा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शशिवेंद्र मिश्रा, राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री रईस हुसन पटवा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष प्रदीप तिवारी व महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष मधु शुक्ला को शामिल किया गया है।

# विश्वकर्मा और नाहरा-नाहरी चौक पर रोजाना लगता है भयंकर जाम

## शहर की ट्रैफिक व्यवस्था चरमराई, लोग लगा रहे स्थायी समाधान की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर में ट्रैफिक की समस्या विकराल रूप लेती जा रही है। खासकर विश्वकर्मा चौक और नाहरा-नाहरी चौक पर वेस्ट जुआं ड्रेन के ऊपर प्रतिदिन लगने वाला लंबा जाम आमजन के लिए बड़ी परेशानी बन चुका है। सुबह ऑफिस टाइम और शाम को बाजार के समय यहां वाहन फंसे रहते हैं। लोग गुहार लगा चुके हैं, लेकिन प्रशासन स्थायी समाधान करने में विफल रहा है।

दरअसल, वेस्ट जुआं ड्रेन के ऊपर बना नया मार्ग अब संकरा प्रतीत होता है। भारी वाहनों की आवाजाही और ट्रैफिक पुलिस की कमी के कारण स्थिति और बिगड़ जाती है। कई बार एंबुलेंस और स्कूल बसें भी जाम में फंस जाती हैं, जिससे लोगों में रोष बढ़ रहा है। चौक के आसपास बाजार और स्कूल होने से जाम का असर सीधे व्यापार और पढ़ाई पर पड़ रहा है। दुकानदारों का कहना है कि ग्राहक जाम के डर से बाजार आने से बचते हैं। वहीं अभिभावकों को बच्चों को समय पर स्कूल पहुंचाने में कठिनाई होती है। लगातार जाम और अव्यवस्थित यातायात के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। कई बार हादसे और कहासुनी की घटनाएं हो चुकी हैं।




### हररोज 30 मिनट तक जाम : पार्षद गर्ग



पार्षद विशाल गर्ग के अनुसार रोजाना 30 मिनट जाम में फंसना आम बात हो गई है। राहगीर परेशान होते रहते हैं। प्रशासन को तुरंत यातायात व्यवस्था सुधारने पर ध्यान देना चाहिए। जाम की वजह से मंडी का कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। ग्राहक यहां आने से कतराने लगे हैं। यहां जाम लगना कोई नई बात नहीं है। जाम लगने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा।

### दुकानदारी हो रही प्रभावित : जांगड़ा



पार्षद विनोद जांगड़ा के अनुसार यह समस्या नई नहीं है, लेकिन समाधान नहीं निकला। जाम के कारण स्कूली बच्चों को बहुत दिक्कत होती है। जाम के कारण दुकानदारों को भी नुकसान उठाना पड़ता है।

### ट्रैफिक लाइट्स की व्यवस्था की : प्रभारी



यातायात पुलिस प्रभारी सतीश कुमार के अनुसार यहां ट्रैफिक पुलिस की नियमित तैनाती की गई है। ट्रैफिक लाइटें भी चालू करवाई गई हैं, लेकिन 5 तरफ के रास्ते से वाहन एक साथ आने के कारण जाम की समस्या बन जाती है।

## अमेरिकी उत्पादों के आगे नहीं टिक पाएंगे हमारे किसान : अनूप सिंह

■ भारतीय बाजार सस्ती अमेरिकी फसलों से भर जाएगा : मातनहेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह मातनहेल तथा सचिव जयकरण मांडौठी के अनुसार अमेरिका भारत व्यापार समझौता किसान व भूमिहीन ग्रामीण गरीब विरोधी कदम है। अमेरिका की खेती भारी सब्सिडी पर आधारित, पूरी तरह मशीनीकृत और बड़े कारपोरेट फार्म मॉडल पर आधारित है। अनूप सिंह व जयकरण ने बताया कि अगर अमेरिका अनाज, पशु चारा, डेयरी उत्पाद, दालें, फल, ड्राई फ्रूट्स, प्रोसेस्ड फूड, बीयर तथा डीडीजीज आदि कृषि उत्पाद जीरो प्रसेंट टैरिफ (आयात शुल्क) पर अपने देश में आएंगे तो सस्ती अमेरिकी फसलें भारतीय बाजार में भर जाएंगी।

इससे किसान जो पहले ही एमएसपी की लड़ाई लड़ रहा है, वह इस मुकाबले में टिक नहीं पाए। इसी तरह डेयरी सेक्टर छोटे और सीमांत किसानों व भूमिहीन ग्रामीण गरीबों पर आधारित, सहकारी व्यवस्था पर टिका हुआ है। अमेरिकी डेयरी उत्पादों के आसानी से आयात होने पर लाखों दुग्ध उत्पादक परिवार बर्बाद हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि मुक्त व्यापार समझौतों के हमले और बीज बिल 25, बिजली बिल 25, प्रीपेड स्मार्ट मीटर, एमएसपी गारंटी कानून, बर्बाद फसलों का मुआवजा, सीमांत किसानों और अन्य गरीब लोगों को रोजगार व कर्जा मुक्ति, बुढ़ापा पेंशन आदि मुद्दों को लेकर ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन 2 मार्च को रोहतक बस स्टैंड के सामने सिटी पार्क में किसान मजदूरों की मीटिंग करके आंदोलन की रणनीति तय करेगा।

## परिवार से समाज और समाज से राष्ट्र की निर्धारित होती है श्रेष्ठता : महाराज

■ पंच परिवर्तन समाजोत्थान के लिए संजीवनी के समान : विक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर




हिन्दू सम्मेलन समिति की लाला लाजपतराय बस्ती द्वारा मंगलवार को बाबा कांशीगिरी महाराज मंदिर में हिंदू सम्मेलन एवं शोभा यात्रा का आयोजन किया गया।

सम्मेलन की अध्यक्षता बाबा प्रसाद गिरी मंदिर के महंत परमानंद गिरी महाराज, महंत रमेशगिरी महाराज व मृत्युजंय गिरी महाराज द्वारा की गई। जबकि मुख्य वक्ता के रूप में रोहतक के सह विभाग कार्यवाह विक्रम ने शिरकत की। इस दौरान अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि पंच परिवर्तन समाजोत्थान के लिए संजीवनी के समान हैं। उन्होंने कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्व का बोध, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्त्तव्य तथा सांस्कृतिक जागरुकता जैसे पंच संकल्पों को समाज निर्माण की आधारशिला बताया। उन्होंने कहा कि पंच प्रणों की श्रेष्ठता के कारण ही भारत विश्व गुरु था। समाज की प्रारंभिक इकाई व्यक्ति है। व्यक्ति की श्रेष्ठता से परिवार सुदृढ़ होता है। परिवार से समाज और समाज से राष्ट्र की श्रेष्ठता निर्धारित होती है। इसलिए प्रत्येक नागरिक को अपने कर्त्तव्यों का पालन करते हुए सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने वैदिक काल से लेकर वर्तमान तक भारत की गौरवमय अनुभूति का तथ्यबध खाका भी प्रस्तुत किया। इससे पूर्व बाबा प्रसाद गिरी महाराज मंदिर परिसर से शोभा यात्रा निकाली गई।

## प्रेम मंदिर में लैय्या बिरादरी ने मनाई फूलों की होली



**झज्जर।** मंगलवार को शहर के मोहल्ला लाल खानिया स्थित प्रेम मंदिर में लैय्या बिरादरी सेवार्थ समिति द्वारा होली समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में दीदी मीनाक्षी ने महिला मंडली के साथ मिलकर कन्हैया के भजन सुनाए व श्रद्धालुओं को भाव विभोर किया। महिला मंडली में शामिल पूर्व नगर परिषद चेयरपर्सन कविता नंदवानी, आशा शर्मा, आशा चावला, पुष्पा मेहता, तरुणा धींगड़ा, आशा नागपाल, शिप्रा नरुला, किरण शर्मा, आदि ने भजनों पर नृत्य करते हुए फूलों की होली भी खेली। इस मौके पर समिति सदस्य उमेश कुमार, सतीश धींगड़ा, सुभाष भाटिया, किशनचंद बत्रा, वीके नरुला, वीके शर्मा, विजय धींगड़ा, किशन सलूजा, जैसाराम सलूजा, श्याम रेवड़ी, राजू, मनीष मेहता, आशीष चावला, मनोहर तनेजा, बलदेव, मुकेश चावला, सुरेंद्र अरोड़ा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### अवैध हथियार सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** सीआईए की एक टीम द्वारा अवैध हथियार सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। सीआईए प्रभारी कर्मवीर ने बताया कि मुख्य सिपाही जोगेंद्र की पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि अजय निवासी मांगावास जिला झज्जर अवैध हथियार लिए हुए हैं और वह मांगावास से पलड़ा रोड पर आएगा। जिस पर कार्रवाई करते हुए मांगावास से पलड़ा रोड चौक नजदीक मांगावास के पास नाकाबंदी की गई। कुछ समय के पश्चात एक युवक गांव मांगावास की तरफ से पैदल आता हुआ दिखाई दिया और वह पुलिस टीम को देखकर भागने की कोशिश करने लगा।

शक की बिनाह पर युवक को पकड़ा गया और उसकी नियमानुसार तलाशी लेने पर उसके कब्जे से अवैध हथियार बरामद हुआ। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान अजय निवासी मांगावास के तौर पर की गई। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार मामला दर्ज करते हुए आगामी कार्यवाई अमल में लाई गई है।

## पर्यावरण संरक्षण और नशा मुक्ति को लेकर किया जागरूक




**बहादुरगढ़।** छारा के चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में चल रहे 7 दिवसीय एनएसएस शिविर के 5वें दिन सामाजिक जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। प्लास्टिक मुक्त हरियाणा विषय पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने भी अपने दैनिक जीवन में प्लास्टिक का न्यूनतम उपयोग करने का संकल्प लिया। प्राचार्या डॉ सविता पुनिया के दिशानिर्देशन औरएनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ ललिता के मार्गदर्शन में प्लास्टिक मुक्त हरियाणा विषय पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता हुई। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक के दुष्प्रभाव तथा स्वच्छता से संबंधित प्रभावशाली नारे लिखे। डॉ ललिता ने विद्यार्थियों को प्लास्टिक कचरे से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को सिंगल-यूज प्लास्टिक के बहिष्कार, कपड़े या जूट के थैलों के उपयोग, प्लास्टिक कचरे के पृथक्करण और रीसाइक्लिंग जैसे व्यावहारिक उपाय अपनाने के लिए प्रेरित किया। दोपहर बाद के सत्र में नशा मुक्ति विषय पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों ने छारा गांव में हाथों में स्लोगन व तख्तियां लेकर प्रभावशाली नारों के माध्यम से ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। ग्रामीणों ने भी विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए नशे से दूर रहने का संकल्प लिया।

## खबर संक्षेप

### ओलंपिक संघ के अध्यक्ष से खेलों पर की चर्चा



**बहादुरगढ़।** मंगलवार को बहादुरगढ़ से भाजपा नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल हरियाणा ओलंपिक संघ के अध्यक्ष कैप्टन जसविंद्र मीनू बेनीवाल से मिला। इस दौरान बेनीवाल ने बहादुरगढ़ पंचायत समिति अध्यक्ष चुनी गई रचिता जून के पति संजय जून को मिठाई खिलाकर बधाई दी। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष नरेश भारद्वाज, मुकेश कौशिक, ब्लॉक समिति सदस्य आशीष राठी व प्रदीप राठी ने संजय जून के साथ एचओए के अध्यक्ष मीनू बेनीवाल से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान प्रदेश में खेलों के विकास, खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। हरियाणा ओलंपिक कराटे संघ के वाइस चेयरमैन आशीष राठी ने कहा कि बहादुरगढ़ क्षेत्र में खेलों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने और युवाओं को नशे से दूर रखकर खेलों की ओर प्रेरित करने के लिए संयुक्त प्रयास किए जाएंगे।

### स्वयंसेविकाओं ने कॉलेज प्रांगण में की सफाई



**बहादुरगढ़।** गांव जसौरखेड़ी के राजकीय महिला महाविद्यालय में एनएसएस इकाई द्वारा एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। कैंप की शुरुआत एनएसएस गीत से हुई। इस दौरान स्वयंसेविकाओं ने एनएसएस प्रभारी अनिल कुमार के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया। उत्साह और समर्पण के साथ परिसर में फैली गंदगी साफ की गई। डॉ. प्रियंका अग्रवाल, डॉ. सुनील, डॉ. पूनम सहित तमाम स्टाफ सदस्य इस अवसर पर मौजूद रहे।

### कैंप में 150 बच्चों व कर्मचारियों का स्वास्थ्य जांचा



**बहादुरगढ़।** कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज द्वारा दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के सहयोग से उद्योगों में कार्यरत कर्मचारियों एवं उनके बच्चों के लिए संचालित निशुल्क शिक्षा एवं कौशल विकास केंद्र मंथन में एक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान 150 से अधिक कर्मचारियों एवं उनके बच्चों का स्वास्थ्य जांचा गया। डीडीके ग्लोबल हॉस्पिटल से विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने कैंप में अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में डॉ. महेश, डॉ. नीरज वर्मा, डॉ. रवि व डॉ. कृतिका के साथ हंसराज, ज्योति, अतुल, नविता, सुनीता व यशवी सैनी की टीम ने बच्चों समेत कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की। कोबी अध्यक्ष प्रवीण गर्ग ने सभी चिकित्सकों के साथ ही दिव्य ज्योति जागृति संस्थान का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यदि कर्मचारी और उनके बच्चे स्वस्थ एवं शिक्षित होंगे, तो उद्योग भी निरंतर प्रगति करेंगे।

### विजेता विद्यार्थियों को किया सम्मानित




**झज्जर।** आरईडी स्कूल में मंगलवार को एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन कर इंग्लिश व साइंस ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्राचार्या गीता गाबा ने होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों को ओलंपियाड जैसी प्रतियोगितओं में भागीदारी करने व अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रोत्साहित किया।।



**झज्जर।** हनुमान चालीसा पाठ करते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

## खुश होंगे हनुमान, राम-राम किए जा..भजन पर श्रद्धालु भाव विभोर

■ आनंद आश्रम में श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शहर के कोसली रोड स्थित आनंद आश्रम में मंगलवार को श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। आश्रम के महंत अजय दास महाराज के सानिध्य में श्रद्धालुओं द्वारा भगवान श्रीराम के जयकारे के साथ हनुमान चालीसा पाठ की शुरूआत की। इस दौरान महंत अजय दास महाराज ने कहा कि हनुमान जी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के परम भक्त हैं। इसलिए हनुमानजी के भक्तों को श्रीराम की स्तुति करनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने खुश होंगे हनुमान राम-राम किए जा.. भजन के माध्यम से भी बजरंगबली की महिमा का गुणगान किया गया।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर रजनीश, उमाशंकर वर्मा, राजेंद्र, कालू, अमित पंछी, उपेंद्र, आनंद, हिमांशु सौलंकी, दीपक, योगेश, हर्ष, राजबीर, अंकित, नरेश, ईश्वर, अनिल, मास्टर महेश, रोशनी देवी, सुनीता, धन्नो, नान्ही देवी सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## पांच दिन का जिलास्तरीय युवा रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर शुरू

# रेडक्रॉस सेवा और समर्पण का प्रतीक: डॉ. आशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़




जिला रेडक्रॉस सोसाइटी झज्जर द्वारा वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में 5 दिवसीय जिलास्तरीय युवा रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया।

रेडक्रॉस के प्रदेश उपाध्यक्ष अंकुश मिगलानी और महासचिव डॉ. सुनील कुमार के सहयोग से आयोजित शिविर में जिले के 20 शिक्षण संस्थानों के स्वयंसेवकों नेउत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा, बीसीसीआई सहसचिव पवन जैन, सुशील अग्रवाल, सत्येंद्र दहिया व काउंसलरों ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। स्वयंसेविकाओं ने स्वागत गीत गाया। डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि रेडक्रॉस मानवता, सेवा और समर्पण का प्रतीक है। ऐसे प्रशिक्षण शिविर युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करते हैं। मुख्य अतिथि पवन जैन ने कहा कि रेडक्रॉस सोसाइटी सेवा, स्वास्थ्य और मित्रता के मूल्यों पर आधारित एक वैश्विक मानवीय संगठन है। उन्होंने रेडक्रॉस की आपदा राहत, रक्तदान और स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना की। दुबलधन राजकीय महाविद्यालय से आए काउंसलर रणदीप सिंह ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, स्वच्छता अभियान तथा सामाजिक जागरूकता के महत्व पर विस्तार से चर्चा की।

मंच संचालन कंचन कुमार व रेडक्रॉस काउंसलर दिव्या बंसल द्वारा किया गया। कैंप के पहले दिन कंचन कुमार, दीपक, विनय कुमार व तरूण गर्ग आदि ने स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित किया।